खबर संक्षेप



## एक लाख से अधिक की अवैध शराब की गई जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम निमियाहार में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान प्लास्टिक के गुम्मो में भरे 705 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जब्त महुआ लाहन एवं शराब की कीमत लगभग 1 लाख 6 हज़ार 500 रूपये आंकी गई है। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके, आबकारी उप-निरीक्षक, अतुल कुटार एवं आबकारी आरक्षक, रामसिंह, राजेश गोंटिया, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी शामिल थे।

## स्कूलों में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगितायें



**स्लीमनाबाद।** मप्र राज्य के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुये जिसमे अलग अलग कार्यक्रम किये गये!स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में तीसरे दिवस सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें प्रतियोगिता के माध्यम से मप्र राज्य के बारे मे जानकारियां बतलाई गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ओर कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रीति यादव के मार्गदर्शन मै आयोजित हुआ। मध्य प्रदेश के ऊपर कविता गायन डॉ किरण खरादी, मध्य प्रदेश पर सामान्यज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीमा रैदास, राधा सोनी, अभिषेक कुशवाहा ने निबंध प्रतियोगिता प्रथम स्थान रिया हल्दकार,द्वितीय सीमा कोरी, पेंटिंग प्रतियोगिता में ज्योति सिंह राजपूत, रुक्मणी चौधरी,अनुराधा कुशवाहा, नितेश भूमिया ने प्राप्त किया।

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपित को भेजा जेल



**कटनी।** रीठी पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि रविवार को ग्राम रीठी निवासी संदीप सिंह ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, उसकी बाइक रीठी बाजार से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ली गई थी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए रीठी थाना पुलिस की टीम ने सघन खोजबीन अभियान चलाया। पतासाजी के दौरान पुलिस टीम ने सोमवार को आरोपी की पहचान कर उसे डांग तिराहा, पन्ना रोड, रीठी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मोहित सोनकर, निवासी मानस कॉलोनी वार्ड नंबर 17, पवई थाना पवई, जिला पन्ना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### कलेक्टर ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

# जिले में घटते लिंगानुपात में सुधार के लिये कार्ययोजना बनाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के क्रियान्वयन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाइन के कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।



### सीएमएचओ नदारद, थमाया नोटिस

कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर की अनुपस्थिति पर गहन नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने दी हिदायत

कलेक्टर श्री तिवारी ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संबल उपयोजना में शामिल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में जन्म के समय लिंग अनुपात की स्थिति की समीक्षा कर स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य सहयोगी विभागों को मिलकर आपसी समन्वय से लिंगानुपात में गिरावट के कारणों पर कार्य करने और इसमें सुधार करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर अमल के निर्देश दिए। उन्होंने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ के जिला स्तरीय एक्शन प्लान के अनुसार नियमित तौर पर कैलेण्डर बनाकर गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

### सोनोग्राफी सेंटरों की करें जांच

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियिम के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठकों के आयोजन एवं सोनोग्राफी सेंटर के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के एजेंडे को जिला स्वास्थ्य समिति की होने वाली बैठक में अवश्य शामिल करने की हिदायत दी।

### कम प्रकरण पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने वन स्टॉप सेंटर में कम प्रकरण दर्ज होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि वे वन स्टॉप सेंटर का प्रभावी एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करें।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक उषा राय, सहायक संचालक महिला बाल विकास वनश्री कुर्वेती, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, लीड बैंक प्रबंधक मेंझरस किंडो, आईटीआई कटनी के प्राचार्य देवेश कुमार मिश्रा, सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी, और उच्च शिक्षा विभाग से विनेश यादव और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के राजनिवास पांडेय उपस्थित थे।



## मोटर साइकिलों में हुई भिड़ंत, एक की हुई मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर में दो मोटर साइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बड़वारा–उमंग नगर मार्ग पर दोपहर लगभग 12 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार में दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। मृतक की पहचान जगलाल (45 वर्ष) पिता विशेषण, निवासी ग्राम परसेल थाना बड़वारा के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक दिलीप सिंह, पिता फूल सिंह, निवासी ग्राम ठुठीया सलैया बताया गया है।

जानकारी के अनुसार, दिलीप सिंह कटनी से काम निपटाकर घर लौट रहा था, जबकि जगलाल बड़वारा की ओर जा रहा था। उमंग नगर के समीप दोनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बड़वारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जगलाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर स्थिति में दिलीप सिंह को जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों ने सड़क पर गति सीमा निर्धारण और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

*कुम्हार संघ द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बताई गई अपनी परेशानियां*

## भसुआ रेत को रायल्टी मुक्त करने के बाद भी ठेकेदार वसूल कर रहे रायल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश शासन द्वारा परंपरागत कुम्हार समाज को मिट्टी की ईंट एवं बर्तन निर्माण हेतु भसुआ रेत पर दी गई रायल्टी छूट के बावजूद कटनी जिले में रेत ठेकेदारों और पुलिस द्वारा अवैध रूप से रायल्टी वसूले जाने के विरोध में प्रजापति/कुम्हार/चक्रवर्ती समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया कि समाज के लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिट्टी की ईंट, कबेलू और बर्तन बनाकर आजीविका चला रहे हैं। शासन ने ऐसे परंपरागत कुम्हारों को खनिज (माइनिंग) विभाग के माध्यम से भसुआ रेत की रायल्टी से मुक्त किया है, और इस संबंध में आदेश सभी जिलों के कलेक्टरों को भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद कटनी जिले में रेत ठेकेदार शासनादेश की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। मिट्टी की ईंट बनाने के लिए रेत लाने वाले वाहनों को रोककर ठेकेदार मनमाने तरीके से रायल्टी वसूलते हैं। वहीं, कुछ थाना क्षेत्रों की पुलिस इन वाहनों को जब्त कर थानों में खड़ा करवा देती है और अवैध राशि वसूलने का दबाव बनाती है।




समाज ने बताया कि इस विषय पर 11 मार्च 2025 को भी ज्ञापन दिया गया था, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। परिणामस्वरूप कुम्हार समाज के लोग आज अपने पारंपरिक व्यवसाय को जारी रखने में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

शासन द्वारा प्रदत्त भसुआ रेत रायल्टी छूट का तत्काल पालन सुनिश्चित किया जाए। रेत ठेकेदारों एवं थाना पुलिस को निर्देशित किया जाए कि अनुवांशिक कुम्हारों से किसी भी प्रकार की रायल्टी वसूली न की जाए। पुलिस द्वारा बिना कारण रेत लाने वाले वाहनों को थानों में खड़ा करने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

कुम्हार समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी नहीं किए गए, तो समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## आरसेटी का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा



अतिरिक्त, मिशन संचालक एनआरएलएम एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर (आई.ए.एस.) ने सोमवार को जिला पंचायत परिसर में संचालित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कटनी का औचक निरीक्षण कर जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि वर्तमान में आरसेटी में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः ब्यूटी पार्लर एवं राजमिस्त्री का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले के विभिन्न जनपदों से क्रमशः ब्यूटी पार्लर में 35 महिला सदस्य एवं राजमिस्त्री में 28 पुरूष सदस्य सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा प्रशिक्षण संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं एवं आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों की जानकारी ली जाकर प्रतिभागी आवास कक्ष, प्रशिक्षण कक्ष, कम्प्यूटर लैब, भोजन शाला, किचिन, खेल परिसर, कार्यालय, एमआईएस कक्ष इत्यादि का अवलोकन और निरीक्षण किया जाकर प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रतिभागियों से चर्चा करते हुये फीडबैंक लिया गया एवं समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एनआरएलएम की जिला प्रबंधक शबाना बेगम एवं अधिकारियों को निर्देश दिए।

## जगदीश धाम खिरहनी में आयोजित चंडी मेला में लोगों की उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दीपावली के बाद ग्रामीण अंचलों में चंड़ी मेला लगने का सिलसिला शुरू हो गया है क्योंकि ग्रामो में चंडी मेले भरने की पुरानी परंपरा है। मेले की खास बात यह है कि क्षेत्र के कुछ ग्राम ऐसे भी है, जिनकी चंडी मेले का आयोजन मशहूर है। जिनमें शिरकत करने क्षेत्र के लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है। चंडी मेले का दौर शुरू होते ही यादव समाज के लोग ढोल नगाड़े के साथ नृत्य कर सबका मन मोहते हैं।देवउठनी एकादशी पर दो दिवसीय चंडी मेला क्रम स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत खिरहनी में आयोजित हुआ। जहां चंडी देवी की पूजा कर ढोल मंजीरे की धुन के साथ अहीर समाज ने जयकारे लगाए। परंपरागत वेशभूषा में ढोल की धुन पर झूमते अहीरों को देखने लोगों का तांता लगा रहा। इसके अलावा मेले में आने वाले लोग झूला झूलने के लिए उमड़ पड़े। यहां भी झूले के इर्द गिर्द लोगों का हुजूम लगा रहा। झूले को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। वही बड़े झूले के पास युवक, युवतियों की भीड़ लगी रही। गुड़ की मिठाइयां, सिंघाडे, गुब्बारे, गन्ने की मड़ई में अधिक बिक्री हुई।ग्राम पंचायत ने किए इंतजाम-चंडी मेले मैं दुकानदारों को कोई परेशानी न हो इसके लिए पंचायत द्वारा इंतजाम किए गए। व्यापारी अपनी दुकाने लेकर सुबह 10 बजे से मेला स्थल पहुंच गए। दोपहर बाद मेले में लोगों की भीड़ बढ़ना प्रारंभ हो गई।



*पांच दिनों तक भरेगा मेला, विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन*

## कटाएघाट मेला का आयोजन आज से, मधई मंदिर से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री बजरंग कटायेघाट मेला का आयोजन आज 5 नवंबर से प्रारंभ होगा जो 9 नवंबर तक भरेगा। मेले का शुभारंभ आज अपरान्ह 3 बजे से मधई मंदिर के पास से श्री बजरंग बलीजी की शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को मेला प्रभारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक मेला प्रभारी नियुक्त कर मेला आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु निगम के अधिकारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपे है।

निगमायुक्त ने मेला स्थल पर पूर्व की भांति दुकान, स्टाल, वाहन स्टैण्ड आदि की प्लानिंग, प्लाटिंग कराते हुए स्थल का मेले हेतु बुकिंग, वाहन स्टैण्ड, शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के स्टाल लगवाने हेतु स्थल व्यवस्था का दायित्व जागेश्वर प्रसाद पाठक, विनोद सिंह, प्र. रा. निरीक्षक एवं क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक,क्षेत्रीय सहायक राजस्व निरीक्षक को प्रदान किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आई ई सी टीम के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराकर मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने का दायित्व,नोडल अधिकारी आदेश जैन (एस.बी.एम.) एवं संजय चौदह को सौंपा है। वहीं मेला स्थल पहुंच मार्ग एवं मेला प्रांगण की विशेष साफ-सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, अलाव व्यवस्था एवं स्वास्थ्य टीम के माध्यम से मेला क्षेत्र को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त रखने हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड दरोगा को निर्देशित किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल कूद एवं विज्ञान प्रदर्शनी

मेले के दौरान आयोजित होने वाले समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा, सेवा निवृत्त प्राचार्या से सहयोग लेते हुए खेलकूद प्रतियोगिता एवं मेले में आयोजित होने वाले विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु प्राचार्य के सी एस, साधुराम एवं ए रविन्द्र राव स्कूल एवं स्टाफ को दायित्व सौंपे गए हैं।

नगरपालिक निगम, कटनी में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं प्रदर्शनी लगाने का दायित्व सनद विश्वकर्मा, सहा. सामु. संगठक एवं यश कुमार रजक, सिटी मिशन मैनेजर को सौंपा गया है।

निगमायुक्त ने श्री बजरंग बली की मूर्ति व्यवस्था, मेला जुलूस व्यवस्था एवं मेले में होने वाले धार्मिक आयोजनों के साथ ही मेला कार्यकम समाप्ति उपरांत मूर्ति का विसर्जन कराने का दायित्व राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं उनकी टीम को सौंपा है।

### आशा कार्यकर्ता एवं सहयोगिनी संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंच किया प्रदर्शन

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन करने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आशा कार्यकर्ता एवम आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी कौरव के निर्देशन व जिला अध्यक्ष श्रीमती अनुजा दुबे की अगुवाई में वेतन भुगतान व अन्य मांगों को लेकर सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र को सौंपा।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने बताया कि आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों को पिछले तीन महीनों से भुगतान नहीं मिला है। इसके अलावा कई कार्यों की प्रोत्साहन राशि भी लंबे समय से बकाया है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन और दीपावली जैसे त्योहारों पर भी भुगतान नहीं किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई कि अन्य विभागों में त्योहार से पहले भुगतान किया जाता है, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि वे दिन-रात स्वास्थ्य सेवाओं में जुटी रहती हैं।



ज्ञापन में राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के उस निर्णय का जिक्र किया गया, जिसमें आशा एवं पर्यवेक्षकों को योजनाकर्मी और श्रमिक का दर्जा देने के साथ न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ देने का प्रस्ताव था। संगठन ने आरोप लगाया कि विभाग इस निर्णय को लागू नहीं कर रहा और आशा कार्यकर्ताओं को अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि अधिकारियों द्वारा कई बार आदेश जारी किए गए कि हर माह की 5 तारीख तक भुगतान हो, लेकिन इसे आज तक लागू नहीं किया गया।

### संघ की ये है प्रमुख मांगें

वेतन और प्रोत्साहन राशि का सभी बकाया भुगतान तुरंत किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई 1,500 की राशि का एरियर सहित भुगतान हो। हर माह की 5 तारीख तक नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वेतन भुगतान की स्लिप दी जाए। वार्षिक वृद्धि 1,000 का एरियर सहित भुगतान किया जाए। ड्यूटी के दौरान घायल आशा कार्यकर्ता को 5 लाख और मृत्यु की स्थिति में परिवार को 10 लाख मुआवज़ा दिया जाए। हर डिलीवरी प्वाइंट पर आशा रेस्ट रूम की व्यवस्था की जाए। आशा कल्याणकारी योजना के तहत शिक्षा प्रोत्साहन राशि दी जाए। हर वर्ष आशा दिवस या सम्मेलन हो।

### आंदोलन की दी चेतावनी

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का निराकरण जल्द नहीं हुआ, तो वे नियमित आंदोलन जारी रखेंगी। उन्होंने घोषणा की कि 17 नवंबर 2025 को जिला मुख्यालय पर 24 घंटे का धरना प्रदर्शन किया जाएगा और उसके बाद एनएचएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन 'हल्ला बोल' आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## जिपं सीईओ की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा, आज मंगलवार, 4 नवंबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में अपरान्ह 2:30 बजे से आयोजित होगी। सीईओ ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री संभाग कटनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। सुश्री कौर द्वारा पंचायत (निर्माण) एवं 15 वा वित्त योजना, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड) शिकायत व विधि शाखा, आरजीसीए एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के सभी योजनाओं के शाखा प्रभारी, समस्त सीडीपीओ, सहायक यंत्री, उपयंत्रियों, एपीओ एएओ मनरेगा, पीएमएवाई और एसबीएम के विकासखंड समन्वयक, एनआरएलएम के ब्लॉक मैनेजर एवं समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को निर्धारित एजेंडा के अनुसार जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति हेतु निर्देशित किया है।

**खास बातें**

## संपूर्ण अर्धवार्षिक परीक्षा का संचालन बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के अनुसार ही सुनिश्चित किया जायेः कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के 167 विद्यालय में संचालित कक्षा नवमी एवं दसवीं के प्रथम दिन आयोजित परीक्षा का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में कैमरे ठीक तरह से कार्य करें तथा जिन विद्यालयों में कैमरे नहीं लगे हैं वहां निरीक्षण दल भेज कर परीक्षा का निरीक्षण कराएं। संपूर्ण अर्धवार्षिक परीक्षा का संचालन बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण दल नियमित परीक्षाओं का अवलोकन सुनिश्चित किया जाये।

### प्रथम दिन यज्ञ शाला में वैदिक विधि विधान से किया गया देव आव्हान

# 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में राष्ट्र के शौर्य और समृद्धि के लिए दी आहूतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन भव्य और दिव्य यज्ञ शाला में वैदिक विधि विधान से देव आव्हान किया गया । लगभग 2 घंटे चले देव आव्हान के क्रम ने उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को भी भाव विभोर कर दिया। वैदिक मंत्रों को संस्कृत में और तत्पश्चात सुंदर मधुर पद्य अनुवाद में संगीतमय गायन कर पूरा अर्थ और भाव आमजनों को समझा दिया। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक यज्ञाचार्य पंडित राजकुमार भृगु ने गायत्री और यज्ञ का महत्व बतलाते हुए इसे सनातन संस्कृति के निर्माता की संज्ञा से संबोधित किया। आज देव आव्हान के बाद एक पारी में ही यज्ञ संपन्न हुआ।लगभग 1,200 महिला पुरुषों, युवक युवतियों द्वारा गायत्री मंत्रों के साथ महा मृत्युञ्जय मंत्रों के





साथ और राष्ट्र के शौर्य और समृद्धि के लिए विशिष्ट मंत्रों से आहुतियां समर्पित की गईं। यज्ञ कर्ताओं ने देव दक्षिणा के रूप में अपने जीवन की एक बुराई भी छोड़ी। कल प्रातः 8 बजे यज्ञ प्रारंभ होगा और तीन परियों में 12 बजे तक यज्ञ चलेगा । कल यज्ञ के समय में ही विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन, नामकरण, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत,गुरु दीक्षा संस्कार आदि पूर्ण वैदिक विधि से संपन्न कराए जायेगें। सभी संस्कार पूर्णतः निःशुल्क होगे। संस्कार कराने के पूर्व कार्यालय में अपना नाम और संस्कार का नाम सूचित करना अनिवार्य है। कल दोपहर में 3 बजे से साढ़े 4 बजे तक युवतियों, महिलाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन के लिए कन्या कौशल शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें भागीदारी के लिए नारी शक्ति को अवश्य ही पधारने हेतु गायत्री परिवार का आमंत्रण है।

### सरपंच के नेतृत्व में महिलाओं की दबिश....

# सिंगपुर में पकड़ी 221 पाव अवैध शराब




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र के सिंगपुर गांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत महिलाओं ने साहस और एकजुटता की मिसाल पेश की। शराबबंदी का संकल्प लेने वाले इस गांव में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीण महिलाओं को जानकारी मिली कि गांव के ही संतोष धनगर के घर में चोरी-छिपे देसी शराब बेची जा रही है। जानकारी मिलते ही सरपंच श्यामा बाई के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं मौके पर पहुंचीं और आरोपी के घर की घेराबंदी कर दी। महिलाओं ने तुरंत सिग्रामपुर चौकी प्रभारी दुबे को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं की मौजूदगी में 221 पाव देसी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शराब जब्त की। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में महिलाओं की जागरूकता और नशा विरोधी अभियान की चर्चा होने लगी है। ग्राम सरपंच श्यामा बाई ने कहा — “हमने संकल्प लिया है कि सिंगपुर गांव को पूरी तरह नशा मुक्त बनाना है। अब किसी भी कीमत पर यहां शराब नहीं बिकने देंगे। जो भी इस गुनाह में लिप्त होगा, उसे समाज के सामने जवाब देना होगा। गांव की महिलाओं ने कहा कि शराब ने परिवारों को तोड़ा है, युवाओं का भविष्य अंधकार में डाला है। अब महिलाएं ही इस जहर के खिलाफ मोर्चा संभालेंगी। भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने कहा कि क्षेत्र के अन्य गांवों में भी ऐसी पहल की जरूरत है। उन्होंने दमोह एसपी से मांग की कि शराब माफिया और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि गांव-गांव में नशा मुक्त भारत का सपना साकार हो सके। सिंगपुर की इस कार्रवाई से पूरा जबेरा क्षेत्र प्रेरित हुआ है।

## बड़ी सोच, कड़ी मेहनत, पक्का इरादा लेकर चले : दीपक राजपूत



**दमोह।** जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर.के. आठया के मार्गदर्शन में टी वी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा की गई। जिसमें उच्च जोखिम जनसंख्या की TB स्क्रीनिंग , चेस्ट एक्स रे स्क्रीनिंग एवं मुख्यमंत्री शिकायत आदि इंडिकेटर पर डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, Stls भूषण पटेल ने काफी नाराजगी व्यक्त की, उपस्थित एनटीईपी स्टाफ एवं एन जी ओ पार्टनर साईं आशीष के डीपीएम एवं स्पूटम कलेक्शन एजेंटों से फील्ड विजिट,टीवी स्क्रीनिंग एवं स्पूटम संग्रहण हेतु प्रतिदिन कार्य करने हेतु निर्देशित किया एवम सभी एनटीईपी इंडिकेटर शासन की मंशा अनुसार ही चाहिए। उसके लिए आप लोग बड़ी सोच, कड़ी मेहनत, पक्का इरादा लेकर के चले और टी वी मुक्त भारत के लिए कार्य करें, ताकि हम सब मिलकर के दमोह जिले का मान सम्मान बढ़ा पाए। श्री राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत जो भुगतान हेतु लगी हुई है। उनका निराकरण हमें दो दिवस में करना है। सभी शिकायतें के भुगतान हेतु मैंने सारी जानकारी जिला अकाउंटेंट को उपलब्ध करा दी है। संभवत 2_4 दिन में सबका पेमेंट हो जाएगा, जैसे ही पेमेंट होता है तत्काल हमें यह सीएम हेल्पलाइन बंद करनी है। हितग्राहियों के घर जाकर और भविष्य में आगे से सीएम हेल्पलाइन न लगे इसके लिए आप सभी अपने ब्लॉकों में अपना-अपना नंबर फ्लेक्स एवं दीवारों पर लगा दे ताकि किसी को कोई शिकायत हो तो सबसे पहले हमारे लिए जानकारी लग जाए। आपको किसी तरह की कोई दिक्कत हो तो आप मुझे डायरेक्ट कभी भी बात कर सकते हैं। अगर मैं कॉल रिसीव न भी करूं तो आप मुझे एसएमएस करें, ताकि हम सीएम हेल्पलाइन को अपने जिले में जीरो कर पाए कार्यक्रम में सभी ने मिलकर कार्य करने की सहमति दी।

## सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में हो रही सिद्धों की आराधना





**दमोह।** अष्ट्हानका पर्व के अवसर पर सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में बड़े बाबा के दरबार में श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन भक्ति भाव से हो रहा है। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आर्शीवाद से दिनांक 2 नवंबर को घटयात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। प्रतिदिन संगीत की धुनों के साथ विधान में सिद्धों की भक्ति हो रही है। विधान पुण्यार्जक परिवार विनोद सुमन सराफ द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है जिसमें उनके परिवार के साथ ही पटेरा नगर व कुण्डलपुर से इंद्र इंद्राणी शामिल होकर सिद्धो की आराधना कर रहे है। ब्र विमल भैया इंदौर के निर्देशन में पं उदयचंद जी शास्त्री सागर, बा ब्र रोहित भैया, बा ब्र श्रद्धा दीदी पटेरा की विशेष मार्गदर्शन में यह पूरा आयोजन संपन्न होगा। प्रातः काल अभिषेक शांतिधारा के पश्चात विधान प्रारंभ हुआ जिसमें महापात्रों व इंद्र इंद्राणीयों ने भक्तिभाव पूर्वक मंडल पर अर्घ्य समर्पित किये। सराफ परिवार ने सभी धर्मावलंबियों से शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## मंदिर में शिव परिवार स्थापना का 4 दिवसीय आयोजन शुरु

**जबेरा।** पुलिस थाना जबेरा परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार स्थापना का चार दिवसीय आयोजन का भव्य शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ माता पार्वती जी गणेश जी कार्तिकेय जी सहित भगवान शिव परिवार की स्थापना की जा रही है जिसके शुभारंभ अवसर पर थाना परिसर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया जो भगवान शिव प्रतिमा के साथ नगर की प्रमुख मार्गो से होते हुए नरसिंह देवालय खेर माता मंदिर मुरली मनोहर मंदिर सहित नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पूजा अर्चना करते हुए थाना परिसर में संपन्न हुई। जहां भगवान गणेश जी का विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए भगवान शिव स्थापना का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर आचार्य वाणी विलास मिश्रा के साथ आचार्य की टीम तथा प्रमुख यजमानों में वैशाली श्रीकांत तिवारी संतोष खरे सहित जबेरा पुलिस स्टाफ एवं नगर के सैकड़ो धर्म प्रेमी बंधु सम्मिलित हुए।



## प्रदेश के कर्मचारियों-पेंशनरों की समस्याओं पर फेरा पानी

**दमोह।** मध्यप्रदेश के शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनर्सो की बहुप्रतीक्षित मंहगाई भत्ता 03 प्रतिशत आखिर 01 नवम्बर को की जाने की घोषणा ना होने के कारण प्रदेश का कर्मचारी पेंशनर्स में मायूसी छा गई, विगत दिवसों से यह चर्चा व्याप्त थी कि म.प्र.शासन अपने कर्मचारियों पेंशनर्सो का लंबित मंहगाई भत्ता की घोषणा 01 नवम्बर 2025 स्थापना दिवस को करेगी, किन्तु प्रदेश सरकार ने ऐसा नहीं किया, प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनर्सो की मंहगाई भत्ता की घोषणा ना होने पर आक्रोश व्याप्त हो रहा है, प्रदेश शासन ने यह मन बना लिया है कि हमारा जब मन होगा तब मंहगाई भत्ता बढ़ाइगें, वों भी शर्तो के तहत। प्रदेश का कर्मचारी अपना सम्पूर्ण कार्य लगन, निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहा है, देश में मध्यप्रदेश कई महत्वपूर्ण योजनाओं में अग्रसर भी हो रहा है, किन्तु जहां कर्मचारियों की मंहगाई भत्ता एवं अन्य समस्यायें की बात होती है, वहाँ पर प्रदेश सरकार हमेशा ही मौन धारण कर लेती है, प्रदेश के कर्मचारियों पेंशनर्सो को अपने अधिकार के लिये धरना, ज्ञापन आदि आन्दोलन करने पर मजबूर होना पड़ता है तदोउपरांत प्रदेश के कर्मचारियों पर शासन तरस खाती है अतएव म.प्र.शास.लिपिकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रान्ताध्यक्ष एवं वर्तमान प्रान्तीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी ने म.प्र.शासन से आपेक्षा की गई है कि कम से कम जब भी केन्द्र सरकार द्वारा मंहगाई भत्ता बढ़ाया जाता है तब एक सप्ताह में प्रदेश सरकार के कर्मचारियों पेंशनर्सो को भी मंहगाई भत्ता बढ़ाये जाना चाहिये, ताकि प्रदेश के कर्मचारियों पेंशनर्सो को आन्दोलन जैसे कदम ना उठाना पड़े।

# राहतः जल्द बनेगी पौड़ी जलाशय की टूटी दीवार



**तेंदूखेड़ा।** ढाई साल पहले 4 जुलाई 2023 को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के पौड़ी जलाशय में आई बाढ़ में बह गई पौंडी-जेतगढ़ जलाशय की दीवार अब दोबारा बनाई जाएगी। जल संसाधन विभाग ने इसके लिए 1 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से नया टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी का चयन भी हो चुका है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे पहले जबेरा विधायक और राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मुद्दे को लेकर जल संसाधन विभाग के मंत्री तुलसीराम सिलावट और ईएनसी तक बात की थी। किसानों ने इस मुद्दे को लेकर उन्हें बार-बार अवगत कराया था। जिसके बाद विभाग ने इसका टेंडर जारी किया था। बता दें कि साल 2023 की बाढ़ में करीब 25 साल पुराना यह जलाशय टूट गया था, जिससे माझां, जेतगढ़, पौंडी और तारादेही गांवों की फसलें तबाह हो गई थीं। कई किसान ढाई साल से रबी सीजन की बोवनी तक नहीं कर पा रहे थे। किसान अरविंद लोधी ने बताया कि जलाशय फूटने के बाद यहां के खेतों में लगातार सूखा पड़ रहा था, जिससे उत्पादन ठप हो गया। अब दीवार का दोबारा निर्माण कार्य जल्द शुरू होने से यहां के किसानों को उम्मीद की एक किरण नजर आने लगी है।

### इस तरह हुआ था हादसा

4 जुलाई 2023 की शाम से इस तालाब का पानी का रिसना शुरू हुआ था। जानकारी लगते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पहले रिसने वाले पानी को बंद करने के लिए काफी प्रयास किए, सफलता नहीं मिली तो आधी रात को गांव खाली कराया गया और इसी रात तालाब फूट गया। तालाब फूटने के बाद पौड़ी में बाढ़ के हालात बन गए। यहां खुदे कुआं और खेतों में मलवे की परत जम गई थी। उसके बाद से लेकर आज तक यहां के लोग अनेक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। क्योंकि तालाब में भरे पानी से खेतों की सिंचाई, मवेशियों और जंगली जानवरों को पानी मिल जाता था, लेकिन इस पौड़ी जलाशय फूटा पड़ा है।

### दिसंबर तक शुरू हो जाएगा काम

जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी पौड़ी जलाशय का टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और टेंडर भी हो गया है। जहां नवंबर अंतिम चरण या फिर दिसंबर तक पौड़ी जलाशय का काम शुरू हो जाएगा। बारिश के चार महीने के कारण काम शुरू नहीं हुआ है। लेकिन अब बारिश थम चुकी है। जिसके कारण अब पौड़ी जलाशय का काम जल्द शुरू किया जाएगा। फूटे तालाब के कारण धान की फसल तालाब से निकलने वाले मलबे में दब कर खराब हो गई थी। पानी के अभाव में कई किसान गेहूं की फसल नहीं लगा पाए। क्योंकि पौड़ी, माझा और जेतगढ़ के किसान फसलों के लिए इसी जलाशय से पानी लेते थे। मगर जुलाई के बाद तालाब में पानी रुका ही नहीं, इसलिए सैकड़ों एकड़ जमीन पूरे ढाई साल से बंजर पड़ी हुई है ।

### कमिश्नर ने तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई, दो सस्पेंड

इस मामले में पहले जल संसाधन विभाग की ओर से तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। जांच में यह सामने आया कि जलाशय के अनुरक्षण में मैन्युअल नियमों का पालन नहीं हुआ था। साथ ही निर्माण गुणवत्ता भी तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं थी। रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने विभाग के एसडीओ एलके द्विवेदी और उपयंत्री डीके असाटी को निलंबित कर दिया था। इसके अलावा भोपाल से भी एक अलग तकनीकी टीम जांच के लिए भेजी गई थी। लेकिन अब नई डिजाइन और ड्राइंग के अनुसार दीवार का पुनर्निर्माण किया जाएगा।

## अपूर्व कड़ी मेहनत से बने सीए

**दमोह।** आईसीएआई दिल्ली द्वारा आयोजित चार्टेड अकाउटेन्ट (सी.ए.) फायनल सितम्बर 2025 की परीक्षा में शहर के युवा सी.ए. अपूर्व जैन पिता रूपेश कुमार जैन, प्रतिष्ठित बर्तन व्यापारी अपने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर चार्टड अकाउटेन्ट (सी.ए.) की प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार, गुरूजनों और शहर का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर अपूर्व जैन ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता, निरंतर मेहनत, कड़े अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की मूल कुंजी है। उन्होनें अपनी उपलटिध का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपने दोस्तो को दिया।



## प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन



**दमोह।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर सोमवार को दमोह शहर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन का शुभारंभ मोरगंज गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा से किया गया, जो स्टेशन चौराहा, तीन गुल्ली चौराहा, किल्लाई नाका सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मोरगंज गुरुद्वारा पहुंचा। नगर कीर्तन में पंच प्यारों का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सजी हुई धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं, जिनमें गुरु नानक देव जी के उपदेशों और जीवन प्रसंगों का सुंदर प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम में सिख समुदाय के महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और गुरु वाणी का पाठ करते हुए धर्मलाभ अर्जित किया। पूरे नगर में भक्ति और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। जगह जगह विभिन्न समाजों ने जुलूस का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीएसपी एच.आर. पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## सांसद करेंगे पदयात्रा

**दमोह।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी 05 नवंबर को प्रातः 08 बजे से ग्राम जेरठ (विधानसभा पथरिया) ₹शहीद स्मारक₹ से प्रथम 14 किलोमीटर यूनिटी मार्च (पदयात्रा) प्रारंभ करेंगे। यह पदयात्रा ग्राम जेरठ, पिपरिया चंद , त्रिमुड़ा, धौराज, बनखंडन माता (भोजन), किशुनगंज होते हुए फंसिया नाला, नरसिंहगढ़ में समापन किया जायेगा। उन्होंने एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को लेकर आयोजित पदयात्रा की भव्यता हेतु उपस्थिति का आग्रह किया है ।

# कवि सम्मेलन में देर रात तक कवियों ने किया श्रोताओं को मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

श्री तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई जी सूखा में त्रिदिवसीय रत्नात्रय महोत्सव तिलक की मंदिर विधि के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय दिन रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक कवियों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। कवि सम्मेलन में गणेश राय की बुंदेली व्यंग ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। बी एम दुबे की हास्य के चुटकुलों ने समा बांध दिया , निधि



जैन ने जिन धर्म को नमन करते हुए मंगलाचरण किया , संगीत तारण सम्यक जैन ने मां के लिए अपनी वाणी से वंदन किया। वही कवि भूपेंद्र जैन द्वारा तीर्थ के सम्मान में प्रेरणा विषय पर सुंदर कविता पढ़ी। प्रेरणा प्रेरित पथ से सबका जीवन खुशहाल बने , सत्य धर्म की राहों से सुंदर सुशोभित हिंदुस्तान बने। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल मुख्य अतिथि के रूप में रहे। कवि सम्मेलन के पूर्व तीर्थ के मंत्री के सी जैन सहित कमेटी ने सम्मान किया। साथ कु नम्रता जैन पटेरा के डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन होने एवं श्वेता जैन पथरिया राष्ट्रीय कैडेट कोर के माध्यम से विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। पथरिया नाट्य मंडल द्वारा छोटे छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। दोपहर में मंदिर विधि आत्मानंद जी महाराज के प्रवचन के पश्चात जिनवाणी पालकी शोभायात्रा का आयोजन के साथ मंदिर के कलश स्थापित किये गए। तीनों दिन पात्र भावना का आयोजन समाज के श्रेष्ठि जनों द्वारा आहार दान स्वरूप किया गया । कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जैन, आभार के सी जैन ने माना।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति सुनीता पटेल पति भरत पटेल वार्ड क्रमांक 03 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 1354/3 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 1354/3 वार्ड क्रमांक 03 श्री मूरत सींग पिता श्री रतन सींग का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 03/11/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**